आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक 29.03.2025 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार,

1- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया।
2- प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने के लिए कल से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान।
3- छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 17 माओवादी मारे गए।
4- शनिचरी अवावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने नदियों में किया पवित्र स्नान।

**समाचार विस्तार से...**

**राष्ट्रपति-एनजीटी सम्मेलन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि जागरुकता पर आधारित निरंतर सक्रियता और सभी के सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही पर्यावरण का संरक्षण और उसका संवर्धन संभव है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन-2025 का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि आने वाली पीढियों को स्वच्छ वातावरण विरासत में देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि भारत कम कार्बन वाली प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढावा देने पर ध्यान केन्द्रित कर रहा है और उसका मानना है कि विकासशील देशों के लिए त्वरित पर्यावरणीय आर्थिक विकास ही जलवायु परिवर्तन से सर्वश्रेष्ठ बचाव है। उन्होंने कहा कि भारत, विश्व में ऊर्जा का उत्पादन करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है। भारत ने वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावॉट नवीनकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने के लिए कल से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर जलाभिषेक के साथ अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान 30 जून तक तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना का लोकार्पण करेंगे। जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश

में भूजल स्तर में सुधार आएगा। अभियान के अंतर्गत शहडोल जिले में जल स्त्रोत को संरक्षित करने के लिए 32 बावड़ियों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। कलेक्टर केदार सिंह ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान जल स्त्रोतों के संरक्षण के साथ नए जल स्त्रोत तैयार होंगे। इसके लिए सभी संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देश दिया गया है। अगले 3 महीने तक 3746 नवीन खेत तालाब बनाए जाएंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गांव–गांव में रात्रिकालीन सामुदायिक चौपाल का आयोजन किया जा रहा हे। उधर आगरमालवा जिले में प्रत्येक नगरीय निकाय एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत में जनसमुदाय की उपस्थिति में जल संरक्षण व संवर्धन के एक-एक कार्य प्रारंभ होंगे।

**पीएम-मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

**छत्तीसगढ़-माओवादी**

छत्तीसगढ़ में आज बस्तर संभाग के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 17 माओवादी मारे गए। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि इस मुठभेड़ में जिला रिजर्व गार्ड-डीआरजी के दो जवान घायल हुए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में सुरक्षा बलों की सराहना करते हुए कहा कि कार्रवाई में स्वचालित हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। हथियार रखने वालों से अपील करते हुए श्री शाह ने कहा कि हथियार और हिंसा से बदलाव नहीं आ सकता, बदलाव केवल शांति और विकास से ही आ सकता है।

**संविधान चौक**

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि सागर में बनाये गये संविधान चौक से अन्य जिलों को भी संविधान चौक बनाने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इंदौर में भी सागर जैसा संविधान चौक बनाया जायेगा। मंत्री श्री विजयवर्गीय कल सागर में संविधान चौक के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। सागर नगर निगम ने शहर के अंबेडकर पार्क में चौराहे का सौंदर्यीकरण करते हुए संविधान चौक का निर्माण किया है। कार्यक्रम में विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर संगीता तिवारी भी मौजूद थीं।

**मेडिकल कैंप**

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने मुरैना जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड पर स्वास्थ्य कैम्प की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। शिविर में देश एवं विदेश से आये बड़े चिकित्सकों द्वारा गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर और मुरैना जिला प्रभारी श्री वर्मा ने शिविर में लगाये सभी विभागों के ओपीडी जिनमें जनरल, मेडीसन, ऑर्थोपैडिक्स, पीडियाट्रिक, ईएनटी, गायनकलॉजी, सर्जीकल आदि का अवलोकन किया।

**शनिश्चरी अमावस्या**

प्रदेश में आज आस्था और उत्साह के साथ शनिचरी अमावस्या मनाई गई। नर्मदापुरम में हजारों श्रद्धालुओं ने नर्मदा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। तड़के सुबह 5 बजे से ही ब्रह्म मुहूर्त में स्नान का सिलसिला शुरू हुआ। प्राचीन सेठानी, विवेकानंद घाट, गोंदरी घाट, पोस्टऑफिस घाट, पर्यटन घाट, कोरी घाट, बांद्राभान घाट समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। स्नान के साथ ही श्रद्धालुओं ने घाट पर पूजन, पाठ, दान किया। आगरमालवा जिले के श्रीबैजनाथ महादेव शिवालय पर बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। इस दौरान विभिन्न मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी गई। सतना जिले के चित्रकूट में शनिवारी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने मां मंदाकिनी में पूजन कर कामदगिरि पर्वत का परिक्रमा लगाई। मुरैना के ऐंती पर्वत पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। आज दोपहर तक ढाई लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लगभग 15 घंटे में भगवान शनिदेव का तेलाभिषेक कर धर्मलाभ लिया। उधर खंडवा में तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में भूतड़ी अमावस्या पर्व पर दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में स्नान कर भगवान ओमकारेश्वर एवं भगवान ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किये।

**आकाशवाणी-नवरात्रि**

आकाशवाणी का यूट्यूब चैनल- आराधना नवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित करेगा। श्रोताओं को कल से 6 अप्रैल तक गहन आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने के लिए आकाशवाणी तैयार है। आराधना चैनल विशेष भक्ति कार्यक्रमों के जरिये त्योहारों के मर्म और उनके मूल तत्व को पहुँचाएगा। हर दिन के महत्व को उजागर करते हुए, चैनल सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत करेगा।

पूल/पूजापीवर्धन/राशिद/प्रशांत/परिहार/85/06

**मौसम**

प्रदेश में अप्रैल की शुरुआत हल्की बारिश के साथ हो सकती है। मौसम विभाग ने 1 अप्रैल को भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग के 13 जिलों में मौसम के बदलने का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की वजह से ऐसा हो सकता है। अभी अफगानिस्तान के ऊपर सिस्टम एक्टिव है, जो आगे बढ़ रहा है। पश्चिमी भारत में सिस्टम असर दिखा सकता है। हालांकि, इससे पहले प्रदेश में गर्मी का असर देखने को मिलेगा। आज भोपाल में तीखी धूप खिली रही। वहीं, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत अन्य शहरों में भी ऐसा मौसम रहा।

**संक्षिप्त समाचार**

1- सीहोर जिले के भेरुंदा पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पीएम आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को संबोधित भी किया।
2- भोपाल के शाहजहांनाबाद में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा सौगात- ए- मोदी किट मुस्लिम परिवारों को ईद के तोहफे के रूप में वितरित की गईं।
3- शहडोल जिले में पहली बार समर्थन मूल्य पर अरहर की खरीदी की जाएगी। इसके लिए पंजीयन का काम 20 अप्रैल तक किया जाएगा।
4- मंदसौर के नारकोटिक्स कार्यालय में आज से अफीम तौल की प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दिन लांसिंग पद्धति वाले किसानों की अफीम तौल की गई।
5- छिंदवाड़ा जिले के शासकीय महाविद्यालय उमरानाला में जनजातीय नायकों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
6- सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना झाबुआ अंतर्गत पोषण भी पढ़ाई भी का परियोजना स्तरीय तीन दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
7- शिवपुरी सर्किल जेल में आज बंदियों के सुधार की दिशा में कार्य करने की पहल के तहत

व्यक्तित्व विकास: आत्म परिष्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अंत में बुलेटिन के मुख्य समाचार, एक बार फिर

1- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया।
2- प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने के लिए कल से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान।
3- छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 17 माओवादी मारे गए।
4- शनिचरी अवावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने नदियों में किया पवित्र स्नान।

----------------------